देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2019/kala pani/01

E-Newsletter, Issued in Public Interest

बुधवार, 24 अप्रैल 2019

काला पानी-1

गोपालपुरा बाईपास रोड पर करतारपूरा नाले के पास सरकारी जमीन पर चल रहा है अवैध ट्यूबवेल से पानी का अवैध कारोबार

काला पानी अभियान

चित्र-प्रतीकात्मक

राजस्थान के अधिकतर जिले जल संकट से जूझ रहे है,हमारे यहाँ पहले ही वर्षा जल की कमी है,वहीँ दूसरी और सरकारों की अदुरदर्शिता के कारण रहे सहे भूजल का भी अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है|पानी की कमी से जहाँ एक और आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है,वहीँ दूसरी और पानी बेचने वालो का माफिया पनप रहा है|जिसमे सरकारी तंत्र पूरी तरह से लिप्त है|यही कारण है कि एक तरफ तो जहाँ सरकारे पानी के प्राचीन स्त्रोतों का संरक्षण नहीं कर पा रही है|वहीँ दूसरी और नए नए प्रोजेक्टों के नाम पर करोड़ों रुपयों लूट मचा रखी है|जलदाय विभाग में आये दिन नये घोटाले उजागर हो रहे है,मंत्री से लेकर संत्री तक पानी के नाम पर माल खाए जा रहे है|जांच के नाम पर लीपापोती कर दी जाती है|आम जनता कम प्रेशर,बूस्टर की समस्याओं,टेंकरों की कालाबाजारी से जूझती नजर आती है|

पानी के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार,कालाबाजारी,लूट को उजागर करने के लिए " **काला पानी** "नाम से जल बचाओं-कल बचाओं अभियान की शुरुआत की गयी है|जिसके माध्यम से सरकार से पानी के नाम पर हो रही गड़बड़ियों पर सवाल खड़े किये जायेंगे और ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही करने के लिए जन अभियान चलाया जाएगा|

इसी क्रम में शुरुआत करते हुए काला पानी अभियान के माध्यम से,अवैध बोरिंग कर, पानी की तस्करी करने वाले पानी माफियाओं का खुलासा किया जा रहा है|

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,झारखण्ड महादेव मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151

गुर्जर की थडी,गोपालपुरा बाईपास रोड पर करतारपूरा नाले के पास सरकारी जमीन पर चल रहा है अवैध ट्यूबवेल से पानी का अवैध कारोबार

गोपालपुरा बाईपास रोड पर गुर्जर की थडी,करतारपुरा नाले के पास सरकारी जमीन पर चल रही अवैध बोरिंग से हो रही पानी की तस्करी

मार्च,2019 तक इस जमीन पर दूकान बना कर बिल्डिंग मेटीरियल सप्लाई और वाटर सप्लाई का कार्य किया जा रहा था,अप्रेल,2019 से इस दूकान पर अवैध शराब की दूकान खोल दी गयी है,अवैध रूप से पानी ले टेंकरों द्वारा पानी की तस्करी का काम बदस्तूर किया जा रहा है|